Three Days International Conference on Ram in Asian Life, Literature and Culture sponsored by Ayodhya Shodh Sansthan

Summary of the collaboration indicating start date, end date, nature of collaboration etc. List of year wise activities and exchange should be provided

हिन्दी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय द्वारा 20 से 22 नवंबर 2017 के बीच 'एशियाई जीवन, साहित्य एवं कला में राम (पूर्वोत्तर भारत के विशेष संदर्भ में)' विषय पर त्रि-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गयी थी। यह संगोष्ठी अयोध्या शोध संस्थान, अयोध्या, उत्तर प्रदेश तथा हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर, असम के संयुक्त तत्वावधान में एवं वाणी न्यास, नयी दिल्ली के सहयोग से आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम में कुल लगभग 250 प्रतिभागी शामिल हुए। संगोष्ठी 20 नवंबर को आरंभ हुई तथा 22 नवंबर 2017 को समाप्त हुई। अयोध्या शोध संस्थान ने प्रयोजक के रूप में इस कार्यक्रम के लिए कुछ निश्चित मदों के अंतर्गत 6.50 लाख रुपये की प्राथमिक स्वीकृति दी थी। यह राशि अयोध्या शोध संस्थान ने वाणी न्यास, नयी दिल्ली के खाते में जारी की थी। कार्यक्रम के संयोजक ने 22 नवंबर को कार्यक्रम की समाप्ति के बाद व्यय संबंधी बिलों को निदेशक, अयोध्या शोध संस्थान की अनुमति से भुगतान हेतु वाणी न्यास को सुपुर्द कर दिया था। अयोध्या शोध संस्थान के साथ हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय का यह सहयोग या कोलाबोरेशन केवल तीन दिनों के इस कार्यक्रम के लिए था।